आई.पी.एल. क्रिकेट मैच में मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे ठेकेदार को नोटिस थमाया

ग्रेटर निगम से अनुमति लिए बिना पार्किंग संचालन पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हो रहे आई.पी.एल. क्रिकेट मैच में मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे ठेकेदार को ग्रेटर निगम प्रशासन ने आड़े हाथों लिया है। मालवीय नगर जोन उपायुक्त ने ठेकेदार मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स को नोटिस थमाकर चेतावनी दी है कि अगर ग्रेटर नगर निगम से अनुमति लिए बिना कोई भी पार्किंग शुल्क वसूली की गई तो विधिक कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

मजेदार बात यह है कि ग्रेटर नगर निगम प्रशासन द्वारा पार्किंग स्थलों पर नोटिस चस्पा किए जाने के बावजूद भी ठेकेदार ने गुरूवार के क्रिकेट मैच में मनमाना ढंग से पार्किंग शुल्क वसूला।

मालवीय नगर जोन उपायुक्त ने बताया कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान वाहन पार्किंग शुल्क की अवैध वसूली की जांच करवाई गई। पार्किंग संचालक मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स ने एक एमओयू की प्रति उपलब्ध करवाई गयी, जिसके अनुसार राजीव खन्ना (एस.एस.पार्क एंटरटेनमेंट) व मैसर्स रितुराज एसोसिएट्स के मध्य पार्किंग के लिए तीन स्थानों अमरूदों का बाग, अम्बेडकर सर्किल और सुबोध कॉलेज/स्कूल (बेसमेन्ट) के लिए एमओयू होना सामने आया। जब ठेकेदार से नगर निगम द्वारा जारी पार्किंग अनुमति मांगी गई तो वह पेश नहीं कर पाया।

उपायुक्त ने बताया कि मैसर्स रितुराज एसोसियट्स ने इन तीनों जगहों पर वाहन पार्किंग के नाम पर दौपहिया वाहनों से 100 रू., चौपहिया वाहनों से 300 तथा व्यवसायिक वाहनों से 400 रु. की दर से राशि वसूल रहा था। इस पर 28 मार्च को ही मालवीय नगर जोन कार्यालय से ठेकेदार को नोटिस देकर नगर निगम से सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही पार्किंग संचालित करने के लिए चेतावनी दी। साथ ही इस आदेश का उल्लंघन करने पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत विधिक कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी भी दी है।

सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरूवार को क्रिकेट मैच देखने के लिए पहुंचे लोगों से ठेकेदार ने वाहन पार्किंग का मनमाना शुल्क वसूला।

■ मजेदार बात यह है कि ग्रेटर निगम द्वारा पार्किंग स्थलों पर नोटिस चस्पा किए जाने के बावजूद ठेकेदार ने गुरूवार को हुए क्रिकेट मैच में मनमाने ढंग से पार्किंग शुल्क वसूला

'अनाधिकृत रोग विज्ञान प्रयोगशालाओं पर कार्रवाई करें'

जयपुर (कासं)। चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सी.एच.ओ.) को पत्र लिखकर राजस्थान में संचालित अनाधिकृत रोग विज्ञान प्रयोगशालाओं पर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने डॉ. रोहित जैन द्वारा लोकायुक्त सचिवालय के समक्ष प्रस्तुत परिवाद का हवाला देते हुए कहा कि, प्रदेशभर में संचालित अनाधिकृत रोग विज्ञान प्रयोगशालाओं का लोकायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक ही स्थायी पंजीकरण करें। जो प्रयोगशालाएं इस मापदण्ड पर खरी नहीं उतर रही है, उनके खिलाफ क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट एवं रूल्स के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सभी सी.एच.ओ. को भी साफ चेतावनी दी है कि अगर लोकायुक्त के इस निर्देश के अनुसार पालना नहीं की गई तो आप भी व्यक्तिश: जिम्मेदार होंगे।

अस्पतालों में क्यूआर कोड आधारित सफाई 1 अप्रैल से अनिवार्य

जयपुर । प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों में 1 अप्रेल से क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था अनिवार्य लागू की जाएगी।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई की दृष्टि से आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर ने क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था शुरू करने का नवाचार किया था। उसके बाद प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पताल एवं अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए थे। मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों के लिए अब यह व्यवस्था 1 अप्रैल से अनिवार्य की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि मेडिकल कॉलेज जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, भरतपुर, भीलवाड़ा, सीकर, पाली, चूरू, झालावाड़ एवं आरयूएचएस जयपुर के प्राचार्यों को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

सार-समाचार

21 कि.मी. मैराथन में दौड़े जयपुरवासी

जयपुर (कासं)। सीतापुरा क्षेत्र में आयोजित मरुधरा हाफ मैराथन में जयपुरवासियों ने करीब 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई। तीन श्रेणियों में दौड़ रखी गई थी, जो कि क्रमश: 21, 10 और 5 किलोमीटर दूरी की थी। सबसे लंबी दौड़ 21 कि.मी. की थी, जो कि एक लूप में सीतापुरा के पूरे क्षेत्र को कवर किया। रनर्स उगते सूरज के साथ पूरे जोश के साथ दौड़ते नजर आए। उनके चेहरों पर जीत का जुनून और लक्ष्य साफ झलक रहा था। इस मैराथन में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने भी 21 कि.मी. की दौड़ 2 घंटे 18 मिनट में पूरी की। उनके साथ सुनील जैन, आलोक शर्मा, राहुल अग्रवाल, सुरेन्द्र, निकिता, भावना, प्रगति, निकिता,पूजा, रेणुका, चंद्रिका दीपक, सुनील गौड और निशांत शर्मा ने भी मैराथन में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी धावकों को मैडल देकर सम्मानित किया गया।

अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश

जयपुर (कासं)। सड़क दुर्घटना अनुसंधान ईकाई (पश्चिम) यातायात पुलिस अज्ञात मृतक के वारिसों की तलाश कर ही है। पुलिस ने बताया कि 23 मार्च को शाम 6 बजे श्री श्याम टिम्बर एंड प्लाईवुड के सामने एक्सप्रेस हाई-वे रोड 200 फीट से 14 नंबर की तरफ जाने वाली सड़क पर हादसे में घायल व्यक्ति मृत मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को कावंटिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास कोई भी पहचान दस्तावेज नहीं मिला। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष, सांवला रंग, कद करीब सवा 5 फीट, सिर पर काले बाल, दाढी बढ़ी हुई है। मृतक ने काली शर्ट और काली सफेद लाइनदार पेंट पहन रखी थी।

दो ट्रेलर टकराए, खलासी की मौत

जयपुर । बगरू में गुरुवार दोपहर अजमेर हाईवे पर आगे चल रहे ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा ट्रेलर उसमें जा घुसा। हादसे में पीछे चल रहे ट्रेलर के खलासी की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया था। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारू करवाया। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे जयपुर अजमेर हाईवे पर बगरू पुलिया के पास ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मारी दी। हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी घायल हो गए। मामले की सूचना मिलने पर थानाधिकारी हरीश सोलंकी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान खलासी की मौत हो गई। हादसे में बांदनवाडा केकडी अजमेर निवासी 19 वर्षीय बबलू की मौत हो गई, जबकि कालूराम निवासी बांदनवाडा घायल हो गए।

एचिंग प्रिंट कार्यशाला 1 अप्रैल से

जयपुर (कासं)। कलात्मक विधाओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित की जा रही कार्यशालाओं के क्रम में केन्द्र व राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से एचिंग प्रिंट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 1 से 8 अप्रैल तक ग्राफिक स्टूडियो-1,2 में प्रात: 11 से शाम 5 बजे तक कक्षाएं आयोजित की जाएगी। एसोसिएट प्रो. व कोर्स कोऑर्डिनेटर अमिता राज गोयल प्रशिक्षक रहेंगी।

बजाज नगर थाने के कांस्टेबल संजय गुर्जर का हत्यारा गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। बजाज नगर थाने में कार्यरत कांस्टेबल संजय गुर्जर की हत्या के मामले में जिले की स्पेशल टीम ने 3 साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश बबलू उर्फ मानसिंह मीना पुत्र रंगलाल निवासी रसीदपुर थाना मंडावर जिला दौसा को जयपुर के गोनेर रोड से दस्तयाब कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि गांव पांचोली निवासी व जयपुर के बजाज नगर थाने में कार्यरत कांस्टेबल संजय गुर्जर 22 जुलाई 2021 को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-21 स्थित पेट्रोल पंप से मोटरसाइकिल से अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान रात 9 बजे एक मेजर जीप में आए संजय गुर्जर के भतीजे कालू उर्फ रविन्द्र गुर्जर और उसके साथियों ने पहले तो कांस्टेबल की बाइक को टक्कर मार गिराया, उसके बाद लोहे के पाइपों से मारपीट कर फरार हो गए थे। अगले दिन जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कांस्टेबल के 21 वर्षीय बेटे शीर्षक गुर्जर की रिपोर्ट पर 23 जुलाई को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की गई।

घटना के बाद से फरार चल रहे वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आईजी उमेश चन्द दत्ता व एसपी रंजीता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ दीपक मीणा के सुपर विजन तथा थानाधिकारी सुरेश कुमार व डीएसटी प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसमें साइबर सेल को शामिल किया गया। एसपी शर्मा ने बताया कि घटना में फरार आरोपी बबलू उर्फ मानसिंह मीणा के विरुद्ध 10 हजार का इनाम घोषित है। यह बदमाश जिला स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में भी शामिल है। जिसे डीएसटी द्वारा गुरुवार को जयपुर के गोनेर रोड से दस्तयाब किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त बबलू उर्फ मानसिंह आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी मंडावर, गंगापुर सिटी, सदर दौसा एवं थाना सिकंदरा में कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। आरोपी को पकड़ने में डीएसटी के कांस्टेबल विजय कुमार की विशेष भूमिका रही है।

बदमाशों ने मारपीट कर पुलिस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार सवार युवकों ने लोकसभा चुनाव की ड्यूटी पर लगे निगरानी दल के साथ मारपीट की। फिर पुलिस टीम पर कार चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। घटना सिसोदिया रानी बाग के पास की है। पुलिस के कार के नम्बरों के आधार पर बदमाशों की धरपकड़ का प्रयास शुरू कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में जगह-जगह पर चैक पोस्ट बना रखी है। रात 10 बजे सिसोदिया गार्डन के पास चैक पोस्ट बनी हुई थी। इस दौरान कार्यपाल मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार जैन, हेड कांस्टेबल बनवारी लाल, अशोक और रामकुमार ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सफेद रंग की स्विफ्ट कार केशव विद्यापीठ जामडोली की ओर से जयपुर की ओर जा रही थी। कार को चैकिंग के लिए रोका गया। कार ड्राइवर मुकेश, सागर के साथ एक महिला और बैठी थी। सागर और मुकेश ने कार से नीचे उतरकर पुलिस टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। फिर कार लेकर भगाने लगे। इस दौरान टीम मौके पर कार को रोकन के लिए खडी हुई तो बदमाशों ने उन पर भी कार चढाने की कोशिश की। इसके बाद मौके पर मौजूद जाप्ते में नाकेबंदी भी कराई, लेकिन कोई नहीं मिला। इस पर बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

डी.जी.राजीव शर्मा के तबादले पर विदाई समारोह

जयपुर । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक राजीव शर्मा का ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट में महानिदेशक के पद पर तबादला हो गया है। इस पर गुरुवार को एसीबी मुख्यालय के अधिकारियों ने विदाई समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर महानिदेशक ने सभी अधीकारियों को सम्बोधित किया। सभी उपस्थित अधिकारीयों ने नई जिम्मेदारियों के लिए उन्हें शुभकामनायें दी।

तीन बदमाशों पर इनाम की घोषणा

जयपुर । झोटवाड़ा, मुरलीपुरा और करधनी थाने में दर्ज मामले में वांछित तीन अपराधियों आशीष निवासी करधनी, सुनील यादव निवासी दाऊद औरंगाबाद (बिहार) हाल मुरलीपुरा और मुकेश बुनकर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने एक-एक हजार रु. का इनाम रखा है।

महिला चोर ने पार किए चार लाख रु. के गहने

आरोपी ने ऑटो रिक्शा में 3 महिलाओं के बीच बैठे-बैठे ही चुरा लिए गहने

जयपुर । सांगानेर थाना इलाके में एक महिला चोर ने ऑटो में तीन महिलाओं के बीच से पर्स में से 4 लाख के गहने चोरी कर लिए। पीड़ित नरेश कंवर जब वाटिका रोड पर उतरी तो उन्होंने बैग चैक किया। चेन खुली थी। बैग में गोल्ड का बॉक्स गायब था। इस दौरान पीड़िता नरेश की मां और भाभी भी उसके साथ ऑटो में थे।

पीडिता नरेश कंवर ने बताया कि एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। शादी में मिले गहने लेकर जयपुर अपनी मां के पास आई थी। 26 मार्च को मां और भाभी गांव से जयपुर आए थे। वे सांगानेर उतरे। घर जाने के लिए ऑटो लिया। तीनों ऑटो में जाकर बैठ गईं। इस दौरान एक महिला जबरन उनके बीच में आकर बैठ गई। महिला ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। इस दौरान नरेश कंवर, उसकी मां और भाभी महिला से झगड़ा करने लगी। इस दौरान महिला ने नरेश के हाथ में रखे बैग की चैन खोली और बैग में रखा हुआ गहनों का डिब्बा निकाल लिया। वाटिका रोड आने पर नरेश अपनी मां और भाभी के साथ नीचे उतरी। बैग संभाला तो देखा की बैग की चैन खुली है। बैग से गहने गायब थे। सांगानेर थाना पुलिस ने बताया कि इन दिनों इस तरह से लूट की वारदात हो रही है। लोग झगड़े या किसी चीज में सामने वाले का ध्यान भटका देते हैं। इसके बाद उनके पर्स या जेब से सामान चोरी कर देते हैं। शहर में इस तरह की वारदात करने वाली कई गैंग एक्टिव है। जो यह काम कर रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवती घायल

जयपुर । बिंदायका इलाके में एक युवक और युवती में अनबन हो गई। इसके बाद युवक वहां से चला गया और उसका फोन अचानक बंद हो गया। इस पर युवती को चिंता हुई तो वह उसे खोजने लगी। वह अपने दोस्तों के साथ उसे खोजते हुए बिंदायका रेलवे फाटक के पास पहुंची । इसी दौरान वहां से ट्रेन गुजरी तो वह उसकी चपेट में आने से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने बताया कि दोनों एक ही कम्पनी में काम करते है और एक ही भवन में अलग-अलग कमरों में रहते है। युवक-युवती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया तो युवक वहां से चला गया। युवती ने युवक के सुसाइड करने के घर से उसे खोजना शुरू कर दिया, क्योंकि बैट्री डिचार्ज होने से युवक का मोबाइल भी बंद हो गया तो युवती ज्यादा डर गई थी। युवती अपने दोस्तों के साथ उसे खोज रही थी। फाटक के पास खोजने के दौरान वहां पर ट्रेन गुजरी से तो वह तेज हवा से पटरियों पर गिरकर घायल हो गई।

फैशन और क्रिकेट के समावेश के बीच मॉडल्स के साथ कप्तान करेंगे रैम्पवॉक

जयपुर । इस साल गुलाबी नगरी क्रिकेट और फैशन के रंगों से फिर सरोबार होने जा रही है। जहां क्रिकेट और फैशन लवर्स दोनों का एक साथ रोमांचक अनुभव कर सकते है। ऐसा ही कुछ नजारा होगा 30 मार्च को कूकस स्थित फेयरमोंट होटल में आयोजित होने जा रहे ईएमसीएल स्टाइल वॉक 2024 का। कार्यक्रमों की कड़ी में 30 मार्च से 4 अप्रैल को भांकरोटा स्थित संस्कार स्पोर्ट्स अकादमी में इवेंट मैनेजर्स क्रिकेट लीग 2024 का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को मालवीय नगर स्थित जरपार में एलीट मिस राजस्थान की मॉडल्स ने लॉन्चिंग सेरेमनी में शोकेस होने वाले डिज़ाइनर वियर की एक झलक पेश की। ये कार्यक्रम पूर्व रणजी प्लेयर स्वर्गीय संजीव ओहलान और सीनियर एंकर स्वर्गीय मन पारीक को श्रद्धांजलि स्वरुप देते हुए आयोजित किया जाता रहा है। इस दौरान स्वर्गीय संजीव ओहलान की पत्नी सुमन रैना, ईएमसीएल के फाउंडर रवि यादव, डायरेक्टर अंकित मुद्गल, मैप्सर वॉरियर्स से पार्थ पारीक, फ़ोरम रॉयल्स से विनीत जैन, टाइगर्स जेसी और

मेंटर जितेश चावला, ऑल स्टार ईएमसीएल दलजीत सिंह,एयरस्काय हॉक्स डॉ वीरेन सिंह, फ़ेयरमोंट रेफल्स जयपुर विक्रम सिंह, आईपीसीए डेयरडेविल्स शिवान शर्मा, नक्षत्र बुल्स श्रीयांश जैन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने इस साल के ईएमसीएल 2024 की ट्रॉफी लॉन्च, टी- शर्ट लॉन्च, फैशन शो स्टाइल वॉक के साथ ही कप्तान ने अपनी-अपनी टीम्स मेंबर्स की अनाउंसमेंट भी की।

रवि यादव ने बताया कि ईएमसीएल की शुरुआत ऑक्शन के जरिए प्लेयर्स चयनित करने से हुई थी। आठ दिवसीय आयोजन की शुरुआत फैशन शो ईएमसीएल स्टाइल वॉक 2024 के साथ की जाएगी। इसके बाद 30 मार्च से होने जा रहे मैचेज में टीम फेयरमोंट रफेल जयपुर, टाइगरस जेसी 2, नक्षत्र बुल्स, फोरम रॉयल्स, स्काय हॉक्स, आईपीसीए डेयर डेविल्स, मेप्सोर वॉरियर्स और ऑल स्टार ईएमसीएल टीम्स भाग ले रही है। शुभम चक्रवर्ती ने बताया कि लॉन्चिंग शो में मॉडल्स 4 फैशन राउंड्स में नए ट्रेंड्ज़ को शो का आकर्षण बनाएंगी। जहां एलीट राजस्थान की खूबसूरत मॉडल्स के साथ सभी टीमों के कप्तान रैंप पर वॉक करेंगे। फैशन डिज़ाइनर्स द्वारा तैयार किए गए 2024 के ट्रेंड्स में रहने वाले इंडो वेस्टर्न व कॉकटेल्स पार्टी वियर परिधानों को शोकेस करेंगे।

पोती से दुष्कर्म करने वाला दादा गिरफ्तार

जयपुर । मुहाना पुलिस ने 10 वर्षीय पोती से दुष्कर्म करने वाले दादा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही नाबालिग के बयान भी दर्ज करवा दिए गए हैं। घटना मुहाना थाना इलाके की है।

पुलिस ने बताया कि एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ 22 मार्च को मुहाना थाने पहुंची थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि बच्ची के सगे दादा ने दुष्कर्म किया है। घटना के दौरान घर पर पीड़ित बच्ची का 7 साल का छोटा भाई भी मौजूद था। बच्ची ने माता-पिता के घर आने के बाद उन्हें घटना की जानकारी दी। इस पर मां बेटी को लेकर मुहाना थाने पहुंची और शिकायत दी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस पर मामले की जांच को एडिशनल डीसीपी महिला अपराध को दी गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित बच्ची की माता-पिता एक जगह ठेके पर काम करते हैं, गत 22 तारीख की दोपहर में घर से करीब 4 किलोमीटर दूसर काम पर गए हुए थे। दादा इस दौरान घर पर पहुंचा और बच्ची से रेप किया।